दिल चुराने वाले श्यामा

खाली हाथ आये थे खाली नहीं जाना है,
दिल चुराने वाले श्यामा दिल तेरा चुराना है,
वयदा है तुझसे श्यामा आज उसे निभाना है,
दिल चुराने वाले श्यामा दिल तेरा चुराना है,
यही तो याराना है यही तो याराना है ,

लगाया जिस से दिल दिल वही दुखा गया,
एक तू ही है श्यामा जो मुझे तू भा गया,
तू ही तो श्यामा मेरा खोया खजाना है,
यही तो याराना है यही तो याराना है ,

देता है तू भी श्यामा कभी तू जताता नहीं,
तभी तो मेरे श्यामा दूजा कोई बाता नहीं,
तेरे सिवा श्यामा मेरा दुश्मन ज़माना है,
यही तो याराना है यही तो याराना है ,

भला हो उसका जिसने दिल मेरा दुखाया,
उसी की खातिर बंदा दर तेरे है आया,
तेरा ही दर मेरा असल ठिकाना है,
यही तो याराना है यही तो याराना है ,

धोखा देने वाली दुनिया तेरी कोई ख़ता नहीं,
मिला श्याम तेरी वजा से ये तुझे पता नहीं,
मिलने का तुझसे श्यामा यही तो बहाना है,
यही तो याराना है यही तो याराना है ,

तेरी ही खातिर बंदे श्याम को मैं पा गया,
वायदा था जो श्याम से उसे मैं निभा गया,
दिल चुराने वाले श्याम का दिल मैं चुरा गया,
यही तो याराना है यही तो याराना है ,

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/5416/title/dik-churane-vale-shyama-dil-tera-churana-hai-khali-hath-aye-the-khali-nhi-jana-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |